विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2023 के प्रथम बुधवार के लिए निर्धारित डा0 आकाश अग्रवाल, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-9 का उत्तर

**प्रश्न**

9(क) क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश सरकार युवकों के लिए रोजगार बढ़ाने के लिए क्या कार्य कर रही है, तथा प्रदेश में कुल कितने युवक बेरोजगार है?

**उत्तर**

सेवायोजन विभाग के अधीन संचालित प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों (जॉब सीकर्स) को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य किया जाता है। सेवायोजन विभाग के पोर्टल sewayojan.up.nic.in पर रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों (जॉब सीकर्स) एवं सेवायोजकों को ऑनलाइन पंजीकृत करने की व्यवस्था विकसित है।

- **आउटसोर्सिंग आफ मैनपावर**- उत्तर प्रदेश के शासकीय विभागों एवं उनके अधीनस्थ संस्थाओं में मैनपावर के क्रय के लिये भारत सरकार द्वारा विकसित गवर्नमेन्ट ई-मार्केटप्लेस, जेम(GeM) की व्यवस्था लागू किये जाने एवं जेम पोर्टल पर पंजीकृत एवं बिड अवार्डी सेवाप्रदाताओं द्वारा सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थियों के चयन हेतु प्रक्रिया के अनुपालन के सम्बन्ध में निर्देश जारी किये गये हैं।
- **उत्तर प्रदेश कामगार और श्रमिक(सेवायोजन एवं रोजगार) आयोग**- शासनादेश संख्या-434/36-5-2020-8(29)/2020, दिनांक 16 जून, 2020 द्वारा कामगारों/श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा के लिए तथा उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उ०प्र० के अन्तर्गत **उत्तर प्रदेश कामगार और श्रमिक(सेवायोजन एवं रोजगार) आयोग** का गठन किया गया है।
- **मिशन रोजगार**- शासनादेश संख्या-1222/छत्तीस-5-2020, दिनांक 03.12.2020 द्वारा प्रदेश में रोजगार, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण तथा अप्रेन्टिसशिप के माध्यम से रोजगार व स्वरोजगार के विशेष अवसर सृजन किये जाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 05 दिसम्बर, 2020 से **"मिशन रोजगार"** अभियान चलाया गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में विभिन्न विभागों द्वारा सेवायोजन पोर्टल पर प्रविष्ट की गयी सूचना के अनुसार रोजगार/स्वरोजगार प्राप्त श्रमिकों/ अभ्यर्थियों की संख्या-40,96,968 एवं सृजित मानव दिवस-17,76,25,426 है। वित्तीय वर्ष 2023-24(माह अक्टूबर, 2023) में विभिन्न विभागों द्वारा सेवायोजन पोर्टल पर प्रविष्ट की गयी सूचना के अनुसार रोजगार/स्वरोजगार प्राप्त श्रमिकों/ अभ्यर्थियों की संख्या-34,99,580 एवं सृजित मानव दिवस-13,53,900 है।
- **सेवामित्र**- कौशल प्राप्त कामगारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं जन सामान्य एवं शासकीय विभागों को स्थानीय सेवाएं (प्लम्बर, कारपेन्टर, पेन्टर, इलेक्ट्रिशियन, ड्राईवर आदि) प्रदान करने हेतु सेवामित्र पोर्टल sewamitra.up.gov.in की व्यवस्था सेवायोजन विभाग द्वारा विकसित की गयी है।
- **सेवामित्र व्यवस्था की प्रगति (दिनांक 31 अक्टूबर, 2023 तक) :-**

  (क) कुशल कामगार -37,865

  (ख) सेवाप्रदाताओं की संख्या -806

  (ग) सेवामित्र की संख्या - 3,956
- **रोजगार मेलों का आयोजन**- निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा **रोजगार मेलों** के माध्यम से प्रदेश के रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों (जॉब सीकर्स) को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने का कार्य किया जाता है। आयोजित रोजगार मेलों एवं चयनित अभ्यर्थियों की संख्या निम्नवत है:-

| क्र० सं० | वर्ष | रोजगार मेलों की संख्या | चयनित अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 01 | दि० 01 अप्रैल, 2017 से 31 मार्च, 2022 तक | 3,742 | 5,74,587 |
| 02 | दि० 01 अप्रैल, 2022 से 31 | 2,707 | 2,93,178 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | अक्टूबर, 2023 तक | | |
| महायोग | | 6,449 | 8,67,765 |

➢ **<u>कॅरियर काउन्सिलिंग</u>**- प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा कॅरियर काउन्सिलिंग कार्यक्रमों का आयोजन कर रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों (जॉब सीकर्स) को रोजगार के अवसरों के अनुरूप विषय चयन में सहायता, रोजगार बाजार में उपलब्ध अवसरों एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की जानकारी प्रदान की जाती है। आयोजित कॅरियर काउन्सिलिंग कार्यक्रमों एवं उनमें सम्मिलित प्रतिभागियों की संख्या निम्नवत् है:-

| क्र० सं० | वर्ष | कॅरियर कॉउन्सिलिंग कार्यक्रमों की संख्या | कॅरियर मार्गदर्शन प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | दि० 01 अप्रैल, 2017 से 31 मार्च, 2022 तक | 12,073 | 13,29,402 |
| 2. | दि० 01 अप्रैल, 2022 से 31 अक्टूबर, 2023 तक | 5,599 | 4,68,320 |
| महायोग | | 17,672 | 17,97,722 |

➢ **<u>मॉडल कॅरियर सेन्टर</u>**- भारत सरकार द्वारा प्रदेश के 20 जनपदों- लखनऊ, गाजियाबाद, मेरठ, मुरादाबाद, प्रयागराज, झांसी, वाराणसी, मीरजापुर, लखीमपुर-खीरी, आगरा, सीतापुर, बिजनौर, बस्ती, गोण्डा, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, अयोध्या, बरेली, हरदोई एवं बहराइच में मॉडल कॅरियर सेन्टर की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इन केन्द्रों द्वारा वर्तमान परिवेश के अनुरूप शिक्षण, प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी प्रदान की जाती है। प्रदेश के 15 अन्य जनपदों में मॉडल कॅरियर सेन्टर खोले जाने हेतु भारत सरकार द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।

➢ **<u>शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र</u>**- अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों को मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु प्रदेश के 52 जनपदों में शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र स्थापित है। इन केन्द्रों द्वारा सामान्य-ज्ञान, हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा, सचिवीय पद्धति, हिन्दी टंकण, आशुलिपि हिन्दी एवं कम्प्यूटर का प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था है।

➢ सेवायोजन पोर्टल पर दिनांक 22 नवम्बर, 2023 तक पंजीकृत रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों(जॉब सीकर्स) की संख्या 35,54,375 है।

(ख) क्या जो व्यक्ति ठेला(सब्जी, फल, आइसक्रीम, चाट, गोल गप्पे, पापड़ी, पाव भाजी, भेल पूरी) आदि लगाते है उन युवकों को भी रोजगार युक्त की श्रेणी में मानती है और ठेला लगाने वाले युवकों के उत्थान के लिए भी कुछ कार्य करती है?

सेवायोजन विभाग में समस्त प्रकार के अभ्यर्थियों हेतु रोजगार के अवसर उपलब्ध रहते हैं। उक्त अभ्यर्थियों हेतु रोजगार मेला व सेवामित्र व्यवस्था के माध्यम से उत्थान के कार्य किये जाते हैं।

(ग) आगरा में ताज नगरी फेस टू डबल ट्री हिल्टन के सामने से पंचवटी जाने वाले मार्ग पर शाम के समय लगभग 300 खाने का ठेला लगता था, जिसे प्रशासन ने हटा दिया जिसके कारण लगभग 1000 युवक बेरोजगार हो गए?

उक्त स्थल/मार्ग पर लगभग 50 से 55 ठेले लगते थे।

(घ) इन ठेलों को हटाने का क्या कारण रहा?

उक्त स्थल वेंडिंग जोन नहीं था और यातायात बाधित होने के कारण ठेल-ढकेल वालों को स्थानान्तरित किया गया।

(ड़) उक्त बेरोजगार हुए युवकों को किसी अन्य जगह स्थानांतरित किया जाएगा जिससे इन 1000 युवकों का रोजगार बचाया जा सके?

उक्त स्थल से लगभग 200 मीटर आगे क्वालिटी सुपरमार्ट के आगे रोड साइड के बायी ओर पर वेण्डिंग हेतु वेण्डर्स के लिए स्थान चिन्हित कर दिया गया है।

(च) क्या उक्त का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे?

उपरोक्तानुसार।

अनिल राजभर
मंत्री
श्रम एवं सेवायोजन